जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

प्रेस विज्ञप्ति

गोरखपुर, 01 जनवरी : इलाहाबाद में लगने वाले माघ मेला में आने–जाने वाले श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने मंडुवाडीह एवं इलाहाबाद सिटी के मध्य तीन जोड़ी विशेष गाड़ियॉ चलाने का निर्णय लिया है । इसके अतिरिक्त 20 जनवरी,2015 को एक सवारी गाड़ी इलाहाबाद सिटी से भटनी तक चलाई जायेगी तथा अनेक मेल एक्सप्रेस गाड़ियों का अस्थाई ठहराव विभिन्न स्टेशनों पर दिया जायेगा।

विशेष गाड़ियॉ –

विशेष सवारी गाड़ी संख्या 55151 मंडुवाडीह स्टेशन से 17 जनवरी,2015 को 22.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 02.00 बजे इलाहाबाद सिटी पहुंचेगी। विशेष गाड़ी संख्या 55156 इलाहाबाद सिटी से 18 जनवरी,2015 को 09.00 बजे प्रस्थान कर मंडुवाडीह 13.10 बजे पहुंचेगी । विशेष सवारी गाड़ी संख्या 55153 मंडुवाडीह से 18 जनवरी,2015 को 22.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 02.00 बजे इलाहाबाद सिटी पहुंचेगी । विशेष गाड़ी संख्या 55154 इलाहाबाद सिटी से 19 जनवरी,2015 को 09.00 बजे प्रस्थान कर 13.10 बजे मंडुवाडीह पहुंचेगी । विशेष सवारी गाड़ी संख्या 55155 मंडुवाडीह से 19 जनवरी,2015 को 14.30 बजे प्रस्थान कर 19.30 बजे इलाहाबाद सिटी पहुंचेगी । विशेष सवारी गाड़ी संख्या 55152 इलाहाबाद सिटी से 20 जनवरी,2015 को 09.00 बजे प्रस्थान कर 13.10 बजे मंडुवाडीह पहुंचेगी । इसके अतिरिक्त 20 जनवरी,2015 को एक विशेष सवारी गाड़ी इलाहाबाद सिटी से 22.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 01.50 बजे वाराणसी जं0 से छूटकर भटनी 06.05 बजे पहुंचेगी । उपरोक्त सभी विशेष सवारी गाड़ियॉ मार्ग के सभी स्टेशनों पर रूकेगी ।

अतिरिक्त कोच –

15003/15004 गोरखपुर–इलाहाबाद सिटी–गोरखपुर चौरीचौरा एक्सप्रेस, 15103/15104 गोरखपुर–मंडुवाडीह–गोरखपुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस तथा 15111/15112 छपरा–मंडुवाडीह–छपरा एक्सप्रेस में 03 जनवरी से 19 फरवरी,2015 तक साधारण द्वितीय श्रेणी के तीन–तीन अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे । इसी प्रकार पैसेंजर लिंक नम्बर 121 में मंडुवाडीह–इलाहाबाद सिटी–मंडुवाडीह के बीच 18 जनवरी से 19 फरवरी,2015 तक तथा पैसेंजर लिंक नम्बर 117 (गोरखपुर) 123 (आजमगढ़) एवं 125 (बलिया) में 12 जनवरी से 19 फरवरी,2015 तक साधारण द्वितीय श्रेणी के चार–चार अतिरिक्त कोच लगाये जायेंगे ।

......................2

ठहराव –

15004/15003 गोरखपुर–कानपुर अनवरगंज चौरीचौरा एक्सप्रेस, 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस, 11065 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–दरभंगा एक्सप्रेस, 11062 मुजफ्फरपुर–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 11066 दरभंगा–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, 12791/12792 सिकन्दराबाद–पटना–सिकन्दराबाद एक्सप्रेस तथा 12334/12333 हावड़ा–इलाहाबाद–हावड़ा एक्सप्रेस 14, 15, 16, 20, 24 जनवरी तथा 03 एवं 17 फरवरी,2015 को झूंसी एवं दारागंज स्टेशनों पर रूकेगी ।

11065 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–दरभंगा एक्सप्रेस, 12791 सिकन्दराबाद–पटना एक्सप्रेस, 15003 कानपुर अनवरगंज–गोरखपुर चौरीचौरा एक्सप्रेस, 12334 इलाहाबाद सिटी–हावड़ा एक्सप्रेस, 11062 मुजफ्फरपुर–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस तथा 12561 दरभंगा–नई दिल्ली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 20 जनवरी,2015 को इलाहाबाद सिटी–माधो सिंह के मध्य सभी स्टेशनों पर रूकेगी । 11033 पुणे–दरभंगा एक्सप्रेस 05, 20 जनवरी को तथा 11037 पुणे–गोरखपुर एक्सप्रेस 14 फरवरी,2015 को इलाहाबाद सिटी–वाराणसी के मध्य सभी स्टेशनों पर रूकेगी । 12561 दरभंगा–नई दिल्ली स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस एवं 12559 मंडुवाडीह–नई दिल्ली शिवगंगा एक्सप्रेस 17 फरवरी,2015 को झूंसी, दारागंज एवं इलाहाबाद सिटी स्टेशनों पर रूकेगी ।

(आलोक कुमार सिंह)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी

सम्पादक/ब्यूरो प्रमुख
गोरखपुर